FA | 1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 3 **विषय :** पर्यावरण अध्ययन

Paper Code : **3041** **पूर्णांक :** 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ'

(अंक 05)

LO – E-307 – समानताओ /असमानताओं (जैसे रंग-रूप /रहने के स्थान / भोजन /आवागमन/पसंद-नापसंद /कोई अन्य लक्षण) के अनुसार वस्तुओं ,पक्षियों,जंतुओं ,लक्षणों, गतिविधियों को विभिन्न संवेदी अंगों के उपयोग व्दारा पहचान कर उनके समूह बनाते हैं |

स.क्रं	गतिविधि
1	(अ) नीचे दी गई गतिविधि/क्रिया समूह बनाकर बच्चों से करवाएं। चलना, देखना, हंसना, रोना, चित्र बनाना, गीत गाना, पढ़ना व लिखना आदि। (ब) बच्चों से उनके द्वारा की गई गतिविधि के आधार पर प्रश्न पूछें जैसे – कौन सा कार्य किन अंगों द्वारा किया गया? सम्बधित अंगों का महत्व बताएं।
2	एक ही प्रकार के दो ऐसे चित्र श्यामपट्ट पर बनाएं जिसमें कुछ अन्तर हो। बच्चों के समूह बनाकर दोनों चित्रों में अन्तर ढूँढ़नें को कहें। इसी तरह की गतिविधि बच्चों से भी बनवाएं।
3	विभिन्न जानवरों की आवाज बच्चों से निकलवाएं। बिल्ली, कुत्ता, बकरी, शेर, मुर्गा आदि। बच्चों के एक समूह से कहें कि वे विभिन्न जानवरों की आवाजें निकालने के साथ – साथ उनकी विशेषताओं, आदतों का अभिनय करें और दूसरे समूह उनकी पहचान करें।

(खण्ड ब)

(अंक 05)

LO – E-304 - अपने घर / विध्यालय /आस-पास की वस्तुओं ,संकेतों (बर्तन ,चूल्हे ,यातायात,सम्प्रेषण के साधन साइनबोर्ड आदि) ,स्थानों ,(विभिन्न प्रकार के घर /आश्रय ,बस स्टैंड,पेट्रोल पम्प आदि) गतिविधियों (लोगो के कार्यों ,खाना पकाने की प्रक्रिया आदि) को पहचानते है |

1 विभिन्न प्रकार की वस्तुएँ (लोहा, लकड़ी, प्लास्टिक) आदि बच्चों की सहायता से एकत्रित करवाएं। अब बच्चों से उनके गुणों के आधार पर तुलना करवाएं।
वस्तुओं के गुणों के आधार पर बच्चों से मौखिक प्रश्न भी पूछें।

2 विभिन्न प्रकार की मिट्टी एकत्रित करवाना। जैसे– मिट्टी, मुरूम, रेत आदि।
अब बच्चों से मिट्टियों के गुणों जैसे चिकनी, खुरदुरी, रेतीली, पानी रोकने की क्षमता आदि की तुलना करवाना।

3 बच्चों से कहें कि वे मिट्टी, कपड़े आदि से दो खिलौने बनाएं। जैसे चिड़िया और चूहा। इनके विभिन्न गुणों के आधार पर तुलना करवाएं।
बने हुए खिलौनों को कक्षा में सजाएं।